भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या :2542**

दिनांक 22 दिसम्बर, 2022/1 पौष,1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

# नागर विमानन क्षेत्र से सृजित राजस्व

**2542. श्री कुलदीप राय शर्मा:**

**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**

**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस:**

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विमानन क्षेत्र से सृजित राजस्व का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और इस अवधि के दौरान सरकार द्वारा कितना व्यय किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विदेशी यात्रियों और कार्गो उड़ानों के बेड़े से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों पर संचार, नौवहन और निगरानी (सीएनएस) और हवाई यातायात प्रणाली (एटीएस) सुविधाओं से सृजित होने वाले राजस्व में वृद्धि की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान इन विमानपत्तनों से विमानपत्तन/वर्ष-वार कुल कितना राजस्व सृजित हुआ है;

(ङ) देश में कार्यरत विमानन कंपनियों का एयरलाइन-वार ब्यौरा क्या है और विमानन क्षेत्र में भागीदारी कितनी है; और

(च) नागर विमानन क्षेत्र में राजस्व में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**

(क): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अर्जित राजस्व एवं पूंजी व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | राजस्व (रुपए करोड़ में) | पूंजी व्यय (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 12837.44 | 9020.38 |
| 2020-21 | 4867.04 | 8043.16 |
| 2021-22 | 6841.29 | 7645.01 |

(ख) से (घ): अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू उड़ानों की मूल्यसूची मेंदिनांक 1.10.2020 के पश्चात सेक्रमश: 4% तथा 3.5%का इजाफा हुआ है। राजस्व उत्पति का विवरण अनुलग्नक-Iमें दिया गया है।

(ङ) अनुसूचित घरेलू यात्रियों की संख्या से संबंधित वर्ष प्रति वर्ष तुलनातमक विवरण अनुलग्नक IIमें प्रस्तुत है।

(च): सरकार द्वारा विमानन सेक्टर में मांग / राजस्व संवर्धन के लिए निम्नलिखित सहित अनेक सुधारात्मक उपाय किए गए हैं:

(i) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा अन्य हवाईअड्डा विकासकों ने अन्य गतिविधियों के साथ साथ विद्यमान टर्मिनलों के विस्तार एवं सुधार, नए टर्मिनलों का निर्माण तथा रनवे के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विमानन सेक्टर के लिए आगामी पांच वर्षों में लगभग 98,000 करोड़ रुपए का पूंजी व्यय करने का लक्ष्य रखा है।

(ii) भारत सरकार द्वारा देश में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों नामत: गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुमबई, शिर्डी तथा सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कालाबुर्गी, विजयपुरा, हसन एवं शिवमोगा, मध्य प्रदेश में डाबरा (ग्वालियर), उत्तरप्रदेश में कुशीनगर तथा नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा तथा हीरासर, पुद्दुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दागादर्थी, भोगपुरम एवं ओर्वाकल (कुरनूल), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, सिक्किम में पक्यांग, केरल में कन्नुर तथा अरूणाचल प्रदेश में डोनयी पोलो, इटानगर के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है। जिनमें से 9 हवाईअड्डे प्रचालनात्मक हैं तथा मोपा में दसवें हवाईअड्डे का उद्घाटन किया गया है तथा यह शीघ्र ही प्रचालनात्मक हो जाएगा।

(iii) क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के अंतर्गत 70 हवाईअड्डों (नौ हेलीपोर्टों तथा दो जल एयरोड्रामों सहित) से संपर्क के लिए 453 मार्ग प्रचालनात्मक हैं।

(iv) घरेलू अनुरक्षण, मरम्मत एवं ओवरहॉल (एमआरओ) सेवाओं के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को 18%से घटाकर 5% किया गया है।

(v) विमान पट्टे एवं वित्तीयन के लिए एक सहायक परिवेश की व्यवस्था की गई है।

(vi) एयरलाइनों की घरेलू क्षमता, कोविड पूर्व की अवधि के अनुसार, पूरी तरह से पुन: स्थापित हो गई है।

(vii) हवाईअड्डों पर विमान दिक्कचालन अवसंरचना में सुधार किए जा रहे हैं।

(viii) राज्यों / संघ शासित प्रदेशों को अपने संबंधित राज्य / संघ शासित प्रदेश में संपर्क संवर्धन के लिए विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य संवर्धित कर (वीएटी) कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, 16 राजयों / संघ शासित प्रदेशों द्वारा विमान टर्बाइन ईंधन पर मूल्य संवर्धित कर कम किया गया है।

(ix) सरकार द्वारा एयरलाइनों के लिए आपात्त क्रेडिट लाइन गारंअी योजना (ईसीएलजीएस) विस्तारित की गई है। इस योजना में सदस्य ऋणदाता संस्थानों को, उनके द्वारा नागर विमानन (अनुसूचित एवं गैर-अनुसूचित एयरलाइनों, चार्टर्ड उड़ान प्रचालकों, एयर एम्बुलेंस, हवाईअड्डों तथा ग्राउंड हैंडलिंग यूनिटों) सेक्टर के अपने ऋण प्राप्तकर्ताओं को प्रदान की गई क्रेडिट सुविधा के संबंध में, अंतर्निहित शर्तों का अनुपालन किए जाने की स्थिति में 100%गारंटी दिए जाने की व्यवस्था है। विमानन सेक्टर के ऋण प्राप्त कर्ता नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कम्पनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) ने ईसीएलजीएस के अंतर्गत गारंटी सहायता प्राप्त की है जिसे मार्च, 2023 तक के लिए विस्तारित किया गया है।

********

**दिनांक 22.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2542 के उत्तर के भाग (ख) से (घ) का अनुलग्नक –I**

**पिछले 3 वित्तीय वर्ष तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिए कार्गो उड़ानों (हवाईअड्डा वार एवं वर्ष वार) सहित विदेशी एयरलाइन प्रचालकों के लिए लेंडिंग एवं ओवरफ्लाइंग हेतु मार्ग दिक्कचालन सुविधा प्रभार (आरएनएफसी) तथा टर्मिनल दिक्कचालन लैंडिंग प्रभार (टीएनलसी)**

(**रुपए करोड़ में**)

| **हवाईअड्डा** | **वित्तीय वर्ष** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23 (अप्रैल-सितम्बर)** |
| दिल्ली (सीएचक्यू) | 1,085.08 | 454.93 | 672.03 | 588.91 |
| अहमदाबाद | 7.85 | 3.29 | 7.48 | 8.70 |
| नागपुर | 1.58 | 0.02 | 0.25 | 0.82 |
| गोवा | 3.54 | 0.26 | 1.06 | 2.73 |
| पुणे | - | 0.02 | - | - |
| मुंबई | 100.86 | 46.07 | 64.99 | 68.83 |
| नासिक | 0.02 | - | - | - |
| भुवनेश्वर | 0.70 | 0.02 | - | - |
| कोलकाता | 20.66 | 4.14 | 6.65 | 11.16 |
| गया | 1.25 | 0.16 | 0.01 | 0.26 |
| अमृतसर | 3.79 | 0.12 | 0.25 | 1.57 |
| जयपुर | 3.91 | 0.61 | 1.42 | 1.87 |
| लखनऊ | 5.04 | 1.43 | 2.36 | 4.16 |
| वाराणसी | 0.59 | 0.01 | - | 0.05 |
| दिल्ली | 101.35 | 53.58 | 66.74 | 71.50 |
| कालीकट | 16.46 | 4.64 | 8.41 | 7.36 |
| कोयंबत्तूर | 2.03 | 0.38 | 1.16 | 1.54 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 41.09 | 13.19 | 23.60 | 29.78 |
| कन्नूर | - | 0.44 | - | - |
| मदुरै | 0.35 | 0.01 | 0.07 | 0.25 |
| मंगलौर | 0.01 | 0.09 | 0.01 | - |
| तिरुचिरापल्ली | 9.31 | 0.18 | 0.61 | 4.34 |
| तिरुवनंतपुरम | 19.89 | 5.98 | 13.65 | 14.39 |
| विजयवाड़ा | - | 0.28 | - | - |
| बैंगलोर | 52.75 | 27.36 | 38.05 | 42.12 |
| कोचीन | 32.85 | 11.49 | 23.97 | 28.38 |
| विशाखापत्तनम | 1.65 | 0.02 | 0.19 | 0.79 |
| चेन्नई | 56.96 | 27.23 | 44.51 | 43.78 |
| बागडोगरा | 0.20 | 0.02 | 0.01 | 0.11 |
| गुवाहाटी | 0.33 | 0.01 | 0.01 | 0.28 |
| **योग** | **1,570.10** | **655.98** | **977.49** | **933.68** |

**दिनांक 22.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2542 के उत्तर के भाग (ख) से (ड.) का अनुलग्नक– II**

## अनुसूचित घरेलू यात्रियों की संख्या की वर्ष-वार तुलना

| क्र.सं. | एयरलाइन का नाम | यात्री (संख्या) | | | पीएलएफ (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2020-21** | **2021-22** | वर्ष प्रति वर्ष वृद्धि (%) | **2020-21** | **2021-22** | परिवर्तन (+/-) |
| *(1)* | *(2)* | *(3)* | *(4)* | *(5)* | *(6)* | *(7)* | *(8)* |
| 1. | एयर एशिया | 3609627 | 4785571 | 32.6 | 64.1 | 70.1 | 6.0 |
| 2. | एअर इंडिया | 4781615 | 8166932 | 70.8 | 65.6 | 68.6 | 3.0 |
| 3. | एअर इंडिया एक्सप्रेस | 22754 | 17893 | -21.4 | 28.6 | 50.4 | 21.8 |
| 4. | एयर टैक्सी | 183 | 221 | 20.8 | 23.0 | 34.7 | 11.7 |
| 5. | एलायंस एयर | 705273 | 1077709 | 52.8 | 51.1 | 59.8 | 8.7 |
| 6. | फ्लाईबिग | 7238 | 81268 | 1022.8 | 44.9 | 51.1 | 6.2 |
| 7. | गो एयर | 4018264 | 7970284 | 98.4 | 66.6 | 75.1 | 8.5 |
| 8. | इंडिगो | 29336170 | 46606224 | 58.9 | 68.7 | 73.5 | 4.8 |
| 9. | पवन हंस | 1331 | 1530 | 15.0 | 20.4 | 23.7 | 3.4 |
| 10. | स्पाइसजेट | 7086585 | 8386574 | 18.3 | 75.7 | 80.4 | 4.8 |
| 11. | स्टार एयर | 112239 | 199633 | 77.9 | 72.3 | 73.5 | 1.2 |
| 12. | ट्रुजेट | 277862 | 147549 | -46.9 | 54.0 | 47.1 | -6.9 |
| 13. | विस्तारा | 3,371,361 | 6,743,071 | 100.0 | 67.2 | 73.2 | 6.1 |